• फायदा...

## सस्ता मिलेगा सेब कार्टन

**शिमला :** हिमाचल में बागवानों को अब सेब कार्टन तीन रुपये तक सस्ता मिलेगा। वहीं, उद्योगपतियों ने यूनिवर्सल कार्टन बनाना शुरू कर दिया है। इस बार सेब यूनिवर्सल कार्टन में ही बिकेगा। जीएसटी छह फीसदी कम होने के बाद बागवानों को अब सेब कार्टन तीन रुपये तक सस्ता मिलेगा। बता दें कि सेब कार्टन पर पहले जीएसटी 18 फीसदी था। कुछ दिन पहले दिल्ली में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में कार्टन पर जीएसटी छह फीसदी कम कर 18 से 12 फीसदी किया गया। इस बार प्रदेश में सेब की ढाई से तीन करोड़ पेटियों के उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। उद्योगपतियों ने यूनिवर्सल कार्टन बनाना शुरू कर दिया है। इस बार सेब यूनिवर्सल कार्टन में ही बिकेगा। प्रदेश सरकार की ओर से इसको लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। यूनिवर्सल कार्टन के अलावा अन्य कार्टन में बागवान सेब नहीं बेच सकेंगे।

जीएसटी कम होने से गत्ता उत्पादकों को भी इसका फायदा होगा। अगले माह से सेब सीजन शुरू होने वाला है। तीन रुपये बॉक्स सस्ता होने से सेब उत्पादकों को फायदा होगा। कई बागवानों के 2 से 3 हजार तक बॉक्स प्रतिवर्ष



सेब के लगते हैं। ऐसे में उन्हें 6 से 9 हजार रुपये तक का फायदा मिलेगा। गत्ता उद्योग संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मुकेश जैन ने बताया कि इस बार उत्पादकों ने यूनिवर्सल कार्टन बनाना शुरू कर दिया है। इस कार्टन की क्वालिटी काफी बेहतर होगी। यह कार्टन विदेशों से आयात होने वाले सामान के कार्टन की तरह होगा। इसमें एक महीने तक कार्टन खराब नहीं होगा।

गत्ता उद्योग संघ के प्रदेशाध्यक्ष आदित्य सूद ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से अधिसूचना जारी होती है तो गत्ता उत्पादक कार्टन के दाम कर देंगे। सेब का सीजन शुरू होने वाला है और गत्ता उत्पादकों ने कार्टन बनाना शुरू कर दिया है। इस बार यूनिवर्सल कार्टन ही बनाए जाएंगे। इस बार गर्मी अधिक होने से सेब की फसल कम बताई जा रही है लेकिन उसके बावजूद भी ढाई से तीन करो? कार्टन तैयार किए जा रहे हैं।

• मुलाकात...

## खमाड़ी-टिक्कर सड़क के लिए 50 करोड़



**नई दिल्ली :** लोक निर्माण निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर आगामी बरसात के दृष्टिगत प्रदेश की विभिन्न सड़क परियोजनाओं के बारे में विचार-विमर्श किया। केन्द्रीय मंत्री ने लोक निर्माण मंत्री के आग्रह पर जिला शिमला में केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के अंतर्गत खमाड़ी-टिक्कर सड़क के लिए 50 करोड़ रुपये स्वीकृत किए। लोक निर्माण मंत्री ने यह धनराशि स्वीकृत करने के लिए श्री गडकरी का आभार व्यक्त किया।

विक्रमादित्य सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़कों की मरम्मत के लिए केन्द्रीय मंत्री द्वारा पूर्व में घोषित 150 करोड़ रुपये जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मानसून को ध्यान में रखते हुए यह धन राशि महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने मंडी जिले में कमांद-कटौला और चैलचौक-पंडोह सड़कों के रखरखाव एवं मरम्मत के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को पहले से प्रस्तुत 30 करोड़ रुपये के अनुमानों को भी शीघ्र स्वीकृत करने का आग्रह किया क्योंकि यह वैकल्पिक सड़क मार्ग ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने में काफी सहायक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में यह सड़कें महत्त्वपूर्ण हैं और लोगों और पर्यटकों की सुविधा एवं कुल्लू-मनाली ट्रैफिक समस्या के समाधान में इन सड़कों का रख-रखाव महत्त्वपूर्ण है।

लोक निर्माण मंत्री ने अवगत करवाया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केन्द्रीय मंत्री के साथ शिमला-मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग को टू-लेन की बजाय फोर-लेन के रूप में निर्मित करने का मामला पहले ही उठाया है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों को एक समान उन्नयन के लिए एनएचएआई की संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए कई महत्त्वपूर्ण परियोजनाएं वार्षिक मसौदा योजना (ड्राफ्ट एन्नुअल प्लान) से हटा दी गई हैं। उन्होंने इन परियोजनाओं को वार्षिक योजना 2024-2025 में शामिल करने का अनुरोध किया। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 के एक हिस्से के सुधार के लिए केन्द्रीय मंत्रालय की प्रस्तुत 70 करोड़ रुपये की अनुमति राशि भी लंबित है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से आगामी अगस्त माह में मणिमहेश यात्रा के दृष्टिगत इसे शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। केन्द्रीय मंत्री ने प्रदेश को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रमुख अभियंता एनपी सिंह, मुख्य अभियंता सुरेश कपूर बैठक में उपस्थित थे।





# बंबर ठाकुर का बेटा पुरंजन अरेस्ट

**बिलासपुर गोलीकांड को लेकर पुलिस ने पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के बेटे पुरंजन ठाकुर को गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर किया। वह कोर्ट में आत्मसमर्पण करने पहुंचा था, लेकिन कोर्ट ने पुरंजन को सुबह 10 बजे से पहले ही उठा लिया।**

**हालांकि गोलीकांड के मास्टरमाइंड पुरंजन के अलावा एक अन्य आरोपी मल्ली अभी तक फरार है। यह वही आरोपी है, जिसने बंबर ठाकुर के बेटे को शूटर मुहैया कराया था...**

• सुभाष/बिलासपुर

बिलासपुर गोलीकांड को लेकर पुलिस ने पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के बेटे पुरंजन ठाकुर को गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर किया। वह कोर्ट में आत्मसमर्पण करने पहुंचा था, लेकिन कोर्ट ने पुरंजन को सुबह 10 बजे से पहले ही उठा लिया। हालांकि गोलीकांड के मास्टरमाइंड पुरंजन के अलावा एक अन्य आरोपी मल्ली अभी तक फरार है। यह वही आरोपी है, जिसने बंबर ठाकुर के बेटे को शूटर मुहैया कराया था।

यहां जान लें कि गत 20 जून को बिलासपुर जिला कोर्ट के बाहर दिन दहाड़े एक युवक पर गोलियां चलाई गई थीं, जिसके बाद से आरोपियों की तलाश थी। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक शूटर सन्नी गिल ने पूछताछ में पुरंजन का नाम उगला था और यह यह भी बताया था कि गोलीकांड को अंजाम देने के लिए उससे सौदा किया गया था। कुछ रकम उसे पहले ही दे दी गई थी और कुछ काम होने के बाद दी जानी थी। 23 फरवरी को जबली में रेलवे के कार्यालय में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हमला हुआ। इस मामले में सौरभ पटियाल और उसके साथियों पर केस दर्ज हुए हैं।

बताते चलें कि गोलीकांड का मुख्य आरोपी पुरंजन ठाकुर ने प्रदेश हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। लेकिन, हाईकोर्ट ने आरोपी को अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया था। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के बाद आरोपी को 27 जून को सुबह 10 बजे तक पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने के आदेश दिए थे। बीते 20 जून को बिलासपुर जिला कोर्ट के बाहर दिनदहाड़े एक युवक पर गोलियां चली थीं। पुलिस की जांच में गोलीकांड का मुख्य आरोपी पूर्व विधायक बंबर ठाकुर का बड़ा बेटा पुरंजन ठाकुर निकला। इस मामले को लेकर एसपी बिलासपुर विवेक चहल ने पत्रकारवार्ता के माध्यम से खुलासा किया था। गोलीकांड में शामिल शूटर सन्नी गिल ने पुलिस पूछताछ में पुरंजन का नाम उगला था। जिसने इस गोलीकांड की साजिश रची थी। इस मामले में पुलिस ने गौरव नड्डा को भी गिरफ्तार किया है।

## टोल प्लाजा पर बेहतर सुविधाएं


**शिमला :** लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न सड़क परियोजनाओं के कार्य और सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सड़कें प्रदेश के विकास का आधार हैं और प्राधिकरण को राज्य में बेहतर राजमार्ग व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण को टोल प्लाजा पर शौचालय, एंबुलेंस, क्रेन टोल प्लाजा मेडिकल ऐड पोस्ट और ट्रैफिक ऐड पोस्ट के माध्यम से वाहन चालकों और यात्रियों की प्राथमिक उपचार की बेहतर सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को समय-समय पर इन पोस्ट का निरीक्षण कर इसकी रिपोर्ट प्रदेश सरकार को भेजना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा कर्मचारी नेम प्लेट व वर्दी में रहना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हिमाचल भौगोलिक दृष्टि से संवेदनशील है इसलिए प्राधिकरण को फोरलेन के लिए पहाड़ियों का कटान वैज्ञानिक तरीके से करना सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि फोरलेन परियोजनाओं का निर्माण करते हुए रिटेनिंग वॉल, क्रैश बैरियर और नाईट रिफ्लेक्शन पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फोरलेन परियोजनाएं पर्यटकों और यात्रियों के समय और धन की बचत की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होती है इसलिए इसका निर्माण समयबद्ध रूप से किया जाना चाहिए।

डॉ. अभिषेक जैन ने कहा कि टोल प्लाजा पर बेहतर ट्रैफिक प्रबन्धन सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि वाहन चालकों और यात्रियों को अनावश्यक असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन टोल प्लाजा में कॉन्ट्रेक्टर को आपातकालीन स्थिति में क्रेन, राजमार्ग पर निगरानी और एंबुलेंस की सुविधा सुनिश्चित करनी चाहिए।

• सही फैसला...

## फीस और फंड




**शिमला :** प्रदेश शिक्षा विभाग ने दिव्यांग छात्रों को बड़ी राहत दी है। अब इन छात्रों से स्कूलों में फीस और किसी भी तरह का फंड वसूल नहीं किया जा सकेगा। दरअसल, दिव्यांग के अधिकार अधिनियम के तहत स्कूलों में बच्चों से फीस न लेने का प्रावधान है, लेकिन अभी तक इस प्रावधान के विपरीत कुछ स्कूल बच्चों से फीस वसूल कर रहे हैं। सरकार की तरफ से विशेष बच्चे जो 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं, उन्हें 12वीं कक्षा तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने की मंजूरी दी गई है। ऐसे में इन छात्रों से किसी भी तरह की फीस वसूलने पर मनाही है। अब इन मामलों पर संज्ञान लेते हुए शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को सख्त निर्देश जारी किए हैं।

**काउंसलिंग के लिए आवेदन :** *शिमला।* हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए काउंसलिंग फार्म करने की तिथि तीन जुलाई तक बढ़ा दी है। तकनीकी विवि और संबंधित सरकारी, निजी शिक्षण संस्थानों में बीटेक, बी-फार्मेसी, एमटेक, एमबीए, एमसीए, बी-आर्क सहित अन्य विषयों की काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं।

• फंदे पर झूल गई छात्रा...

*शिमला के बालूगंज थाना के तहत एक दसवीं की छात्रा ने फंदा लगाकर जान दे दी है। छात्रा के पेंसिल बॉक्स में सुसाइड नोट भी मिला है। घटना के समय छात्रा घर पर अकेली थी। लड़की के परिजन घर से बाहर थे और बार-बार फोन करने पर जब बेटी ने फोन नहीं उठाया तो पड़ोसियों को घर में बात करवाने के लिए कहा गया। जब पड़ोसी ने घर की खिड़की से देखा तो लड़की फंदे से लटक रही थी। अभी तक यही माना जा रहा है कि इस सुसाइड नोट को लड़की ने ही लिखा है।*